परेशानी

8 से 9 लाख रुपये का भुगतान लंबित, जेवर गिरवी रखने की आई नौबत, समूह बंद कर सकते हैं भोजन आपूर्ति

# प्रसूति माताओं व कुपोषित बच्चों की थाली संकट में, 16 माह से भुगतान अटका




**नैनपुर 06 दिसंबर नभाप्र.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सिविल अस्पताल नैनपुर में प्रसूति हितग्राहियों और पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों एवं माताओं को भोजन उपलब्ध कराने वाली महिला स्वसहायता समूह की सेवाएं गंभीर संकट में आ गई हैं। पिछले 16 माह से भोजन आपूर्ति का भुगतान न होने के कारण समूह की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे मरीजों की थाली पर सीधा खतरा मंडरा रहा है।

जानकारी अनुसार सहस्त्रबाहु आजीविका महिला स्वसहायता समूह जो गत तीन वर्षों से अस्पताल में सफलता पूर्वक भोजन आपूर्ति का कार्य कर रहा था, समूह ने बताया कि उन्हें अगस्त 2024 से लेकर अब तक का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। समूह का लगभग 8 से 9 लाख रुपये का भुगतान स्वास्थ्य विभाग के पास लंबित है।

## व्यापारियों ने किया उधारी देने से इनकार

लगातार भुगतान न होने के कारण समूह पर व्यापारियों की पुरानी उधारी का बोझ बढ़ता जा रहा है। समूह सदस्यों का कहना है कि अब स्थानीय व्यापारियों ने भी आगे उधारी पर राशन या सामग्री देने से साफ मना कर दिया है, जिससे भोजन तैयार करने के लिए जरूरी सामग्री भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। गिरवी रखे जेवर भी अब डूबने की कगार पर हैं।

## 8 दिसंबर से सेवा बंद करने का अल्टीमेटम

समूह ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को कई बार भुगतान के संबंध में निवेदन किया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं मिला। समूह की बैठक में यह कड़ा निर्णय लिया गया है कि यदि लंबित भुगतान जल्द जारी नहीं होता है, तो वे मजबूरीवश आगामी 8 दिसंबर से सिविल अस्पताल में भोजन आपूर्ति का कार्य बंद कर देंगे। समूह इस संबंध में एक औपचारिक आवेदन अस्पताल प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपने की तैयारी कर रहा है।

## बच्चों पर पड़ेगा असर

बताया गया कि यदि समूह अपनी सेवा बंद करता है, तो इसका सीधा और गंभीर असर प्रसूति वार्ड में भर्ती माताओं और पोषण पुनर्वास केंद्र में रह रहे कमजोर और कुपोषित बच्चों पर पड़ेगा, जिससे गंभीर अव्यवस्था पैदा हो सकती है। समूह की महिलाओं ने जिला प्रशासन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के वरिष्ठ अधिकारियों से जल्द से जल्द न्याय की गुहार लगाई है, जिससे वे सम्मानपूर्वक अपना कार्य जारी रख सकें और मरीजों की सेवा प्रभावित न हो।

## कर्ज में दबा समूह



समूह की अध्यक्ष रमा जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण की परिकल्पना ही अब इन गरीब वर्ग की महिलाओं को भारी कर्ज और परेशानी में धकेल रही है। भुगतान न होने के कारण समूह की महिलाओं को भोजन बनाने के लिए आवश्यक कच्चा माल, ईंधन और रसोइया का वेतन चुकाने के लिए अपने निजी जेवर तक गिरवी रखने पड़े हैं। आज स्थिति यह है कि न रसोइयों को वेतन दिया जा सकता है, न ही भोजन के लिए कच्चा माल खरीदा जा सकता है।

# जगमंडल परिक्षेत्र में 15 दिन से बाघ का डेरा, ग्रामीणों में दहशत

आधा दर्जन पशुओं का किया शिकार

ककैया बीट में मरार टोला के पास मूवमेंट, वन विभाग ने जंगल न जाने लोगों से की अपील



**अंजनिया 06 दिसंबर नभाप्र.** वन मंडल परिक्षेत्र अंजनिया के जगमंडल ककैया बीट में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से एक बाघ की लगातार मौजूदगी दर्ज की जा रही है, जिससे स्थानीय मरार टोला गांव और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बाघ की हलचल गांव के समीप एक तालाब के आसपास एक ही जगह पर बनी हुई है, और उसके हमले से अब तक आधा दर्जन से अधिक पशुओं की मौत हो चुकी है।

अंजनिया जगमंडल परिक्षेत्र की रेंजर लतिका तिवारी ने ककैया बीट के अजगर दादर एरिया में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र वन क्षेत्र है और कान्हा नेशनल पार्क से सटा हुआ होने के कारण वन्यजीवों की साइटिंग आम है। बताया गया कि वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग कर रही है और ग्रामीणों को सावधानी बरतने के लिए सुरक्षात्मक उपाय बताए जा रहे हैं। विभाग ने ग्रामीणों से स्पष्ट अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में जंगल की ओर न जाएं और बाघ को देखे जाने पर तुरंत विभाग को सूचित करें।

## जानवरों पर जानलेवा हमला

बताया गया कि बाघ पिछले 15 से 20 दिनों में अब तक ग्रामीणों के आधा दर्जन से अधिक मूक जानवरों को जान से मार चुका है। तीन दिसंबर की रात को भैंस के शिकार के अलावा गत दिवस पहले विजय प्रकाश सैन की एक गाय और मंगल भांवरे की एक गाय की भी बाघ के हमले से मौत हो चुकी है। वन विभाग बाघ की मूवमेंट पर नजरें जमाए हुए है और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है।

## रात में सुनाई देती है दहाड़

मरार टोला गांव के तालाब के समीप बाघ की उपस्थिति लगभग पंद्रह दिनों से बनी हुई है। ग्रामीण मनोज भांवरे, सुरेश पटेल, हरिओम पटेल, अंशुमन पटेल और राजेंद्र भांवरे समेत अन्य ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय बाघ के दहाड़ने की आवाज गांव तक सुनाई देती है, जिससे लोग रात में घर से बाहर नहीं निकल पाते और पूरा गांव सहमा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिसंबर की रात को बाघ ने छवि लाल भांवरे की एक भैंस को अपना शिकार बनाया। हमले के दौरान की एक तस्वीर बड़े दूरी से कैमरे में कैद की गई, जिसमें बाघ एक चट्टाननुमा पत्थर के नजदीक भैंस पर हमला करता दिख रहा है। यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

# मनरेगा कार्य से लौट रही महिला की संदिग्ध मौत

फर्स्ट एंड बॉक्स न होने पर परिजनों का हंगामा, पंचायत पर लापरवाही का आरोप



**नारायणगंज 06 दिसंबर नभाप्र.** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में मनरेगा कार्य से लौट रही एक महिला मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने ग्राम पंचायत पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल सहायता के लिए आवश्यक संसाधनों, जैसे कि फर्स्ट एड बॉक्स की अनुपलब्धता पर भी रोष व्यक्त किया।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत देवरी में 5 दिसंबर को कंटूर कार्य चल रहा था, जिसमें लगभग 55 जॉब कार्ड धारक मजदूर उपस्थित थे। मजदूरों ने नियमानुसार पूरे दिन कार्य किया। शाम करीब 5 बजे जब सभी मजदूर कार्य समाप्त करके अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान समूह में शामिल एक महिला मजदूर अचानक लड़खड़ाकर जमीन पर गिर पड़ी और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत को जिम्मेदार ठहराया। सूत्रों के अनुसार परिजनों का आरोप था कि पंचायत के पास फर्स्ट एड बॉक्स जैसी प्राथमिक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी, जिसकी वजह से समय पर कोई सहायता नहीं मिल पाई और महिला की जान चली गई।

## पोस्टमार्टम में प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत की शंका

घटना की सूचना सरपंच पति द्वारा तत्काल टिकरिया पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही टिकरिया थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने घटना का मर्ग कायम कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया गया। टिकरिया थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मृत्यु का कारण हार्ट अटैक आना पाया गया है। इस दुखद घटना ने मनरेगा कार्य स्थलों पर मजदूरों की सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिस पर जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल ध्यान देने की मांग की जा रही है।

# होमगार्ड, सिविल डिफेंस स्थापना समारोह आयोजित

**मंडला 06 दिसंबर नभाप्र.** होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा संगठन का स्थापना दिवस समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा, उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा एवं डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट होमगार्ड उपस्थित रहे। इस अवसर पर होमगार्ड बल द्वारा सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया। परेड का नेतृत्व प्लाटून कमाण्डर हेमराज परस्ते द्वारा किया गया जिसमें ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों का भी प्लाटून शामिल रहा। समारोह में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री भारत शासन, डायरेक्टर जनरल होमगार्ड के संदेशों का वाचन किया गया। इस अवसर पर पार्षदगण, रक्षित निरीक्षक, एनसीसी ऑफीसर, ग्राम सुरक्षा समिति जिला कमाडेंड ऑफीसर एवं समस्त होमगार्ड स्टॉफ उपस्थित रहे।

# विधायक नारायण सिंह की कार को नशे में धुत कार चालक ने मारी टक्कर

रायसेन जिले में भोपाल-जबलपुर हाईवे पर भीषण हादसा, विधायक और स्टाफ सुरक्षित



**मवई 06 दिसंबर नभाप्र.** बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा एक गंभीर सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। शनिवार शाम भोपाल से जबलपुर लौटते समय भोपाल-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रायसेन जिले के खोड़ी जमुनिया गांव के पास गलत दिशा से आ रही एक कार ने विधायक की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि यह टक्कर इतनी भीषण थी कि विधायक का वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि ईश्वर की कृपा और जनता की दुआओं से विधायक नारायण सिंह पट्टा और उनके साथ मौजूद सभी स्टाफ सदस्य पूरी तरह से सुरक्षित बच गए। दुर्घटना के बाद जांच में यह सामने आया कि जिस कार ने विधायक के वाहन को टक्कर मारी, उसमें सवार युवक अत्यधिक शराब के नशे में धुत थे। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी और नशे में वाहन चलाने की गंभीर प्रवृत्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सुरक्षा और प्रशासन के लिए चुनौती




इस हादसे ने स्पष्ट किया है कि जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा एक सामान्य मुद्दा नहीं है, बल्कि सड़कों पर बढ़ती लापरवाही और नशे की वजह से होने वाले हादसे प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में आवश्यक है कि सख्त नियम, कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से ऐसी जीवन-घातक घटनाओं पर तुरंत लगाम लगाई जाए।

## शराब पीकर वाहन न चलाएं

विधायक नारायण सिंह पट्टा ने इस घटना के बाद जनता से भावुक अपील की है। उन्होंने आग्रह किया है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, न ही किसी और को चलाने दें। उन्होंने कहा कि यह केवल कानून या नियम का पालन नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जीवन की सुरक्षा से जुड़ा हुआ मुद्दा है।

# बाबा साहब डॉ. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया, उनके योगदान को किया याद

अंबेडकर चौक पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि



**मंडला 06 दिसंबर नभाप्र.** भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस शनिवार को मंडला में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए अंबेडकर चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सुबह 9 बजे अंबेडकर चौक पर दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश सचिव दिलीप सोम कुंवर, महासचिव शरद मेश्राम, अनुसूचित जाति विकास परिषद के जिलाध्यक्ष अमर सिंह झरिया और अजाकस के जिलाध्यक्ष गजराज मरावी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद उपस्थित उपासक और उपासिकाओं ने सामूहिक रूप से बुद्ध, धम्म और संघ वंदना लेते हुए पंचशील धारण किया। सभी ने मौन धारण कर संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को सामूहिक श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बुद्धिस्ट सोसाइटी के प्रदेश सचिव दिलीप सोमकुंवर ने अनुयायियों से बाबा साहब द्वारा बताए गए मार्ग और पंचशील के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। गजराज मरावी ने आज के विकसित समाज में बाबा साहब के अमूल्य योगदान को याद किया। महासचिव शरद मेश्राम ने प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब दुनिया के छह विद्वानों में से एक थे, जिन्होंने आजीवन संघर्ष करते हुए देश की सामाजिक न्याय व्यवस्था को संतुलित करने और संविधान के माध्यम से देश को एक नीतिगत दिशा प्रदान करने का महान कार्य किया। आयोजित महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में बुद्धिस्ट सोसाइटी के प्रदेश पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौहान, कोषाध्यक्ष रेखा मेश्राम, सुरेश चौधरी, जय सिंह धुर्वे, कार्यालय सचिव परमानंद मेश्राम, सुजाता सोमकुंवर, प्रयागराज वैध, मेहर चंद बघेल, धनेस्वर दोहरे, यशवंत खोब्रागड़े, सुनील डोंगरे, विद्या डोंगरे सहित बड़ी संख्या में उपासक और उपासिकाएं उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्यवाही

**मंडला 05 दिसंबर नभाप्र.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार और एसडीएम मंडला सोनल सिडाम के मार्गदर्शन में नपा मंडला की टीम द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस अभियान में नगरपालिका दल, राजस्व अमला तथा पुलिस बल संयुक्त रूप से शामिल रहा। टीम ने बस स्टैंड के आसपास फुटपाथ, सड़क किनारे और सार्वजनिक मार्गों पर किए गए अस्थायी एवं अवैध अतिक्रमणों को हटाकर क्षेत्र को सुगम बनाया। प्रशासन का यह प्रयास आम नागरिकों की सुविधा, यातायात व्यवस्था सुधारने और शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बिछिया बांध में उतराता मिला लापता युवक का शव

सरगम कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय राज झरिया 2 दिसंबर से था लापता, पुलिस जांच में जुटी



**भुआबिछिया 06 दिसंबर नभाप्र.** भुआ बिछिया के स्थानीय बांध में शनिवार शाम को एक युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बिछिया थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बांध से बाहर निकलवाया। बताया गया कि शव की पहचान राज झरिया पिता राधे लाल झरिया उम्र 20 वर्ष, निवासी सरगम कॉलोनी, भुआ बिछिया के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि राज झरिया बीते 2 दिसंबर की दोपहर लगभग 1 बजे घर से ऑनलाइन में कुछ काम कराने की बात कहकर निकला था, जिसके बाद वह आज दिनांक तक घर वापस नहीं पहुंचा था।

बताया गया कि राज झरिया के लापता होने के बाद से ही परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे बांध में उसका शव तैरता हुआ मिला। बिछिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। युवक की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, इस संबंध में पुलिस विवेचना में जुट गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा।

# बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी, छात्रों को दिलाई गई शपथ

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, कलेक्टर के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नारायणगंज 06 दिसंबर नभाप्र.** कलेक्टर सोमेश मिश्रा और जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में नारायणगंज के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बम्हनी भावल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय जागरूकता सत्र एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक गण, परियोजना अधिकारी संजीव मोहर, वन स्टॉप सेंटर से प्रेरणा मर्सकोले, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरिशंकर कछवाहा और स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर से प्रशासक प्रेरणा मर्सकोले और परियोजना अधिकारी नारायणगंज संजीव मोहर ने बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि जहाँ कहीं भी बाल विवाह होता दिखे, उसकी शिकायत जिला एवं परियोजना स्तर में संचालित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07642-252699 पर दर्ज कराई जा सकती है। आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। शपथ में उन्होंने सुनिश्चित किया कि वे 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करेंगे और अपनी शिक्षा और सुरक्षा के लिए आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

# निवास तिराहे पर युवक का मिला शव, ठंड से मौत की आशंका, पीएम के बाद फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा

मजदूरी कार्य के लिए निकला था युवक



**निवास 06 दिसंबर नभाप्र.** निवास पुलिस को शुक्रवार देर रात गश्त के दौरान राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह तिराहे पर एक युवक का शव मृत अवस्था में मिला। शनिवार सुबह शव की शिनाख्त नारायणगंज जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम फड़की मॉल निवासी भागचंद मरावी उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने युवक की मौत का कारण अत्यधिक ठंड लगना बताया है। जानकारी अनुसार शुक्रवार देर रात्रि एएसआई भुवन अतकरे अपनी टीम के साथ निवास तिराहे पर गश्त कर रहे थे, इसी दौरान उन्होंने तिराहे पर एक युवक का शव देखा। रात्रि होने के कारण तुरंत शिनाख्त नहीं हो पाई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवाया। शनिवार सुबह निवास पुलिस ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से जानकारी जुटाई, जिसके बाद मृतक की पहचान भागचंद मरावी के रूप में हुई। परिजन को सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुँचे। मृतक के पिता दुर्जन सिंह ने बताया कि भागचंद बाहर मजदूरी का काम करता था और लगभग एक सप्ताह पहले काम पर जाने का कहकर घर से निकला था। उन्होंने बताया कि रात में शव पूरी तरह से अकड़ गया था।

## तीन घंटे तक चला पोस्टमार्टम

शनिवार को निवास बीएमओ डॉक्टर विजय पेगवार और डॉक्टर मधुसूदन मरावी की टीम ने मर्चुरी में लगभग तीन घंटे तक युवक का पोस्टमार्टम किया। बीएमओ डॉक्टर विजय पेगवार ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की मृत्यु अत्यधिक ठंड लगने से हुई है। जांच के दौरान युवक के शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि युवक शराब पीने का आदी था। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पीएम रिपोर्ट फॉरेंसिक जांच के लिए भेजी गई है। पोस्ट मार्टम के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पिता ने बताया कि भागचंद उनका बड़ा बेटा था और काम करने के लिए बाहर आता-जाता रहता था। उन्होंने बताया कि घर से निकलने के बाद उन्हें सीधे पुलिस से ही बेटे की मृत्यु की सूचना मिली।

प्रतियोगिता

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने विजेताओं को किया सम्मानित, स्टेडियम निर्माण का मिला आश्वासन

# 61 विद्यालयों के 392 खिलाड़ियों ने दिखाया अपना हुनर, संकुल केंद्र स्तरीय वृहद खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित




**बबलिया 06 दिसंबर नभाप्र.** नारायणगंज अंतर्गत तीन दिवसीय वृहद संकुल केंद्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। इस आयोजन की मेजबानी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बबलिया ने की। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 61 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्राथमिक स्तर के 31, माध्यमिक स्तर के 18, हाई स्कूल स्तर के 9 और हायर सेकेंडरी स्तर के 3 विद्यालय शामिल थे। इस तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न स्तरों के 392 खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को, जबकि टीम गेम्स में विजेता और उपविजेता टीम के सभी सदस्यों को मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं और उपविजेताओं को मेडल पहना कर सम्मानित किया और इतने बड़े स्तर पर आयोजित खेल आयोजन की प्रशंसा की। सांसद ने कहा कि यह आयोजन दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का एक उत्कृष्ट मंच है। शिक्षकों की मांग पर, उन्होंने ग्राम बबलिया में स्टेडियम ग्राउंड बनाने और बिजली के पोल लगवाने का भी आश्वासन दिया।

## अगले सत्र में लगेगा विज्ञान और आनंद मेला

समापन अवसर पर बबलिया संकुल प्राचार्य और नारायणगंज बीईओ ने इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता दूरस्थ क्षेत्र के छोटे स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन करना बताया। उन्होंने घोषणा की कि अगले सत्र से खेलकूद के साथ अन्य बच्चों के लिए विज्ञान मेला और आनंद मेला भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अब संकुलों से गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी और विजेता टीमें विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को और बड़ा मंच मिल सकेगा।

## छात्र-छात्राओं ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



प्रतियोगिता में 3 हजार बच्चें और 70 शिक्षकों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में शामिल खेल स्पर्धाओं में दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, तवा फेंक, गोला फेंक, कबड्डी, खो खो, पिट्ठू, वॉलीबॉल, शतरंज और रस्साकस्सी जैसे खेल शामिल थे। विभिन्न स्तरों पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विजय ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाले विद्यालयों में प्राथमिक स्तर में प्राथमिक शाला खापाटोला, माध्यमिक स्तर में जेएमआर इंग्लिश मीडियम स्कूल, हाई स्कूल स्तर में पीएम श्री हाई स्कूल छपरा और हायर सेकेंडरी स्तर में हायर सेकेंडरी स्कूल बबलिया और हायर सेकेंडरी स्कूल कापा रही।

## सूचना

मैं सुरेंद्र कुमार आर्मो पिता रूपलाल आर्मो निवासी ग्राम गडरा तह. निवास जिला मण्डला का शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ:- 1. यह कि में उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं, तथा मेरा जन्म दिनांक 05/05/1995 को ग्राम गडरा में हुआ था तथा मेरे पिता का नाम रूपलाल आर्मो एवं माता का नाम सम्मौबाई आर्मो है। 2. यहकि मेरे माता पिता के द्वारा मेरे जन्म का पंजीयन ग्राम पंचायत या अन्य किसी संस्था में नही कराया जा सका है, जिसके कारण मेरा जन्म प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत या अन्य किसी संस्था से जारी नहीं हो सका है। 3. यहकि वर्तमान में मुझे अपने जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है जिस कारण मैं अपना जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाना चाहता हूँ जिसमें मेरा उक्त आशय का शपथ पत्र चाहा गया है। शपथकर्ता

सुरेन्द्र कुमार